भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1065

24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थानों का उन्नयन

1065. श्री राजीव राय:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश राज्य में आयुष स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करने वाले विद्यालयों और महाविद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने मौजूदा स्नातक/स्नातकोत्तर आयुष शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) को लागू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त राज्य में वर्ष 2017 से राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत उन्नत किए गए शैक्षणिक संस्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त मिशन के अंतर्गत इन संस्थानों को स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई वित्तीय सहायता का संस्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): उत्तर प्रदेश राज्य में 99 आयुर्वेद, 17 यूनानी, 14 होम्योपैथी और 1 सोवा-रिग्पा महाविद्यालय आयुष स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

(ख) से (घ): आयुष मंत्रालय आयुष पद्धतियों के समग्र विकास और संवर्धन के लिए उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के अंतर्गत, इसके दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार मौजूदा स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) आयुष शैक्षणिक संस्थानों (एईआई) के उन्नयन के लिए पात्र राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय सहायता राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, मूल्यांकन, अनुमोदन और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन जारी की जाती है। वर्ष 2017-18 से उत्तर प्रदेश में उन्नत किए गए आयुष शैक्षणिक संस्थानों के विवरण के साथ, स्वीकृत राशि, जारी की गई केंद्रीय निधि और राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उपयोग की गई निधि का विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

*****

संलग्नक

वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक उत्तर प्रदेश को मौजूदा स्नातक (यूजी)/स्नातकोत्तर (पीजी) आयुष शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिए स्वीकृत निधियों की स्थिति:

(रूपये लाख में)

क्रं.सं	आयुष शैक्षणिक संस्थानों के नाम	यूजी/पीजी	स्वीकृत राशि	केंद्रीय जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि
1.	शासकीय आयुर्वेद कॉलेज और अस्पताल, वाराणसी	पीजी	250.87	116.25	116.25
2.	शासकीय तकमील-उत-तिब कॉलेज और अस्पताल, लखनऊ	यूजी	370.64	229.89	229.89
3.	शासकीय तकमील-उत-तिब कॉलेज और अस्पताल, लखनऊ	पीजी	69.81	41.89	41.89
4.	शासकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद	यूजी	460.56	283.84	283.84
5.	शासकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद	पीजी	68.45	41.07	41.07
6.	राजकीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लखनऊ	यूजी	423.33	209.84	209.84
7.	राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, इलाहाबाद	यूजी	454.99	252.75	252.75
8.	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, इलाहाबाद	पीजी	66.37	39.82	39.82
9.	स्वामी कल्याण देव शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरनगर	यूजी	111.94	61.50	61.50
10.	ललित हरि राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, पीलीभीत	पीजी	537.30	241.42	241.42
11.	राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, लखनऊ	पीजी	346.82	200.97	200.97
12.	राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, अतर्रा, बांदा	यूजी	414.86	191.35	191.35
13.	पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, कानपुर	पीजी	477.25	198.00	198.00
14.	राजकीय श्री दुर्गा जी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, आजमगढ़	यूजी	474.03	126.58	126.58
15.	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गाजीपुर	यूजी	150.00	53.99	53.99
16.	राजकीय डॉ. ब्रज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अयोध्या	यूजी	327.64	171.56	171.56
17.	राजकीय के.जी.के. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुरादाबाद	यूजी	409.54	179.84	179.84
18.	लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, इलाहाबाद	यूजी	305.94	180.00	180.00
19.	राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, झांसी	यूजी	397.39	234.87	234.87
20.	एस.आर.एम. राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, बरेली	यूजी	95.94	54.00	54.00

21.	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गोरखपुर	यूजी	459.72	239.14	239.14
22.	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अलीगढ़	यूजी	148.78	54.00	54.00
23.	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अयोध्या	यूजी	10.22	6.13	6.13